प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

चिरेका के 75 गौरवशाली वर्ष:: चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर चिरेका निर्मित लोको मॉडल का चिरेका,महाप्रबंधक ने किया उद्घाटन

चित्तरंजन,11.07.2024;

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के गौरवशाली 75वें वर्ष के स्वर्णिम अवसर पर श्री हितेंद्र मल्होत्रा,महाप्रबंधक चिरेका ने श्री चेतना नंद सिंह, मंडल रेल प्रबंधक /आसनसोल, श्री हामिद अख्तर, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सहित अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरीय अधिकारीगण की उपस्थिति में आज 11 जुलाई 2024 को चिरेका के 75वें वर्ष का प्रतीक स्मारक और ट्विन लोको मॉडल का अनावरण चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया।

इस प्रतीक स्मारक और लोको मॉडल की स्थापना के फलस्वरूप चित्तरंजन नगरी की जनता के साथ-साथ स्टेशन से गुजरने वाले आम नागरिक चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना के गौरवशाली इंजन उत्पादन के इतिहास से न केवल अवगत होंगे बल्कि इसके उत्पादन की क्षमता से परिचित होंगे। इसके साथ ही भारतीय रेल के विकास में चिरेका के द्वारा इन 75 वर्षों में दिए गए अवदान से भी लोग परिचित हो सकेंगे।

इस स्मारक की स्थापना स्टेशन के सौंदर्यीकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के पश्चात् से ही यह प्रतीक केंद्र यात्रियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।